# UNIVERSITY NEWS 30 JANUARY 2026

## AMAR UJALA

### लविवि में खेल महाकुंभ के साथ पदकों के लिए शुरू हुई जोर-आजमाइश



बल्लेबाजी करके खेल महाकुंभ का आगाज करते प्रो. वीके वर्मा। स्रोत : लविवि

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता - आगाज का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि डीएसडब्ल्यू प्रो. वीके. शर्मा ने रिबन काटकर खेलों की औपचारिक शुरुआत की। तीन दिन चलने वाले इस आयोजन में एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन सहित कई प्रतियोगिताएं होंगी। उद्घाटन के मौके पर द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. आरके. सिंह, अभियांत्रिकी व तकनीकी संकाय के डीन प्रो. एसपी. सिंह, आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर, विधि संकाय के डीन प्रो. आरके. वर्मा, चीफ प्रॉक्टर प्रो. मो. अहमद, खेल संयोजक प्रो. अनुराग श्रीवास्तव, प्रो. दीपक गुप्ता और डॉ. पुष्पेंद्र त्रिपाठी सहित कई वरिष्ठ शिक्षक मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

### अंतर यूनिवर्सिटी खेलों के लिए ट्रायल शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से सत्र 2025-26 के उत्तरी क्षेत्र/ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खेलों के लिए चयन ट्रायल का कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत शतरंज - पुरुष एवं महिला वर्ग का ट्रायल दस फरवरी को सुबह नौ बजे से होगा। ट्रायल लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन, पवेलियन ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ियों को नौ फरवरी को शाम पांच बजे तक एथलेटिक एसोसिएशन कार्यालय में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। खिलाड़ियों को दो पासपोर्ट साइज फोटो, प्रथम किस्त की फीस रसीद (मूल), हाईस्कूल प्रमाणपत्र, इंटरमीडिएट व स्नातक की अंकतालिका साथ लानी होगी। पंजीकरण फॉर्म संबंधित कॉलेज के प्राचार्य से सत्यापित होना आवश्यक है। दस्तावेज अधूरे होने पर ट्रायल में प्रवेश नहीं मिलेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

### लविवि : परीक्षाओं के परिणाम घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीते दिसंबर में आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का परिणाम बृहस्पतिवार की देर शाम घोषित कर दिया है। विवि प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार एमपीएच, एमए, बीएड, एमबीए, बीएससी एग्रीकल्चर, एमएससी, बीकॉम और बीसीए सहित कुल 18 पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर परीक्षाफल घोषित किए गए हैं। घोषित परिणामों में एमपीएच (कम्युनिटी मेडिसिन), एमए वेस्टर्न हिस्ट्री, एमबीए के विभिन्न विषयों, एमएससी फूड प्रोसेसिंग, एप्लाइड जियोलॉजी, एमए ज्योतिविज्ञान, लोक प्रशासन, बीकॉम (एनईपी ओल्ड) और बीसीए के सेमेस्टर शामिल हैं। विस्तृत परीक्षा परिणाम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## NBT

### LU: कैंपस प्लेसमेंट से तीन का चयन

■ NBT, न्यूज लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल में हुई प्लेसमेंट ड्राइव के जरिए तीन छात्रों का आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड में चयन हुआ है। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि चयनित छात्रों में एमएससी बॉटनी की छात्रा हीना सिंह चौहान का चयन असिस्टेंट लेक्चरर बॉटनी के पद पर किया गया है। जबकि बीटेक सीएस की छात्रा शुभी पांडेय और बीटेक सीएस-एआई के छात्र अनुराग गुप्ता का चयन असिस्टेंट लेक्चरर मैथमेटिक्स के पद पर हुआ है। चयनित को 7.25 लाख रुपये का पैकेज दिया है।

### एलयू में खेल महाकुंभ शुरू

■ NBT न्यूज, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में गुरुवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आगाज हुआ। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रफेसर वीके शर्मा ने आगाज की आधिकारिक टी-शर्ट का अनावरण और रिबन काटकर खेलों की औपचारिक शुरुआत की। बताया कि आगामी तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबॉल और बैडमिंटन सहित कई अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. आरके सिंह, प्रो. एसपी सिंह, आईएमएस ओएसडी प्रो. विनीता काचर समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

## AMAR UJALA

### लविवि : पढ़ाई के दौरान 7.25 लाख के पैकेज पर तीन विद्यार्थियों का चयन



अनुराग गुप्ता।



शुभी पांडेय।



हीना सिंह चौहान।

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों का निजी कंपनी में 7.25 लाख रुपये सालाना पैकेज पर चयन हुआ है। इनके आवेदन लविवि कैंपस प्लेसमेंट सेल के माध्यम से लिए गए थे।

प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के प्लेसमेंट ड्राइव की चार चरणों की चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा, एचआर राउंड, सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट राउंड और लेक्चर रिकॉर्डिंग को पास करने के बाद तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ।

इनमें एमएससी (बॉटनी) की हीना सिंह चौहान का असिस्टेंट लेक्चरर (बॉटनी) के पद पर हुआ है। बीटेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) की छात्रा शुभी पांडेय और बीटेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के छात्र अनुराग गुप्ता का चयन असिस्टेंट लेक्चरर (मैथमेटिक्स) के पद पर हुआ है। (संवाद)

## HINDUSTAN

### एलयू में खेल महाकुंभ का हुआ आगाज

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आगाज का भव्य उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर वीके शर्मा ने आगाज की आधिकारिक टी-शर्ट का अनावरण और रिबन काटकर खेलों की औपचारिक शुरुआत की। बताया कि आगामी तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबॉल और बैडमिंटन सहित कई अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. आरके सिंह, इंजीनियरिंग के डीन प्रो. एसपी सिंह, आईएमएस ओएसडी प्रो. विनीता काचर समेत कई अन्य उपस्थित रहे।



लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू हुई।

### तीन छात्रों को 7.25 लाख का पैकेज

लखनऊ। एलयू में तीन छात्रों का आकाश एजुकेशनल सर्विसेज में चयन हुआ है चयनित छात्रों में एमएससी बॉटनी की छात्रा हीना सिंह चौहान का चयन असि.लेक्चरर बॉटनी के पद पर किया गया है, जबकि बीटेक सीएस की छात्रा शुभी पांडेय और बीटेक सीएस-एआई के छात्र अनुराग गुप्ता का चयन असिस्टेंट लेक्चरर मैथमेटिक्स के पद पर हुआ है। 7.25 लाख का पैकेज मिला है।

## DAINIK JAGRAN

### लवि में तीन विद्यार्थियों को 7.25 लाख रुपये का पैकेज

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के तीन छात्र-छात्राओं का आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड में चयन हुआ है। प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि इनमें एम.एससी (बाटनी) की छात्रा हीना सिंह चौहान, बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) की छात्रा शुभी पांडेय और बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के छात्र अनुराग गुप्ता का चयन हुआ है। कंपनी ने इन सभी को 7.25 लाख रुपये सालाना का पैकेज दिया है। वि.

### लवि ने जारी किए 18 कोर्सों के परीक्षा परिणाम

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को 18 कोर्सों के विषम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी किए हैं। इनमें एमपीएच मेडिसिन, एम.ए वेस्टर्न हिस्ट्री, बीएलएड, एमबीए, एम.एससी एप्लाइड जियोलाजी, बी.काम न्यू ओल्ड, बीसीए आदि शामिल हैं। विस्तृत जानकारी लवि की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। वि